आज, हम वित्त वर्ष 2025–26 की उपलब्धियों और कार्यनिष्पादन पर नजर डालने और नए मकसद और उम्मीद के साथ आगे के लक्ष्य तय करने के लिए इकट्ठा हुए हैं।

कार्यनिष्पादन का अवलोकन

वित्त वर्ष 2025–26 एक और शानदार साल रहा जिसमें अच्छी तरक्की और कामयाबी मिली, जो हमारे कर्मचारियों की मेहनत और हमारे हितधारकों के लगातार सहयोग से मुमकिन हुई। इस साल कई खास उपलब्धियां रही जिनके बूते पर आपकी कंपनी का नवाचार (इनोवेशन), तरक्की और भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने पर लगातार फोकस बढ़ा।

संस्थागत उत्कृष्टता और अनुशासित कार्यनिष्पादन पर लगातार बल देते हुए, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए भारत सरकार के साथ किए गए समझौता ज्ञापन (MoU) के तहत 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल करके अपना शानदार ट्रैक रिकॉर्ड जारी रखा है।

परियोजना कार्यान्वयन

साल के दौरान, आपकी कंपनी ने 5,772 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनें और 72,055 मेगा वॉल्ट एम्पियर ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता की वृद्धि की, जिसमें नौ एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सबस्टेशन शामिल हैं। इनमें भादला-III, बीकानेर-III, रामगढ़, नरेला और दौसा के उपकेंद्र शामिल हैं, जिनसे राजस्थान के संसाधन सम्पन्न इलाकों से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी को मज़बूती मिली है। कंपनी ने खावड़ा पूलिंग स्टेशन–2, खावड़ा पूलिंग स्टेशन–3 और अहमदाबाद सबस्टेशन भी चालू किए, जिससे ग्रिड मज़बूत हुआ और गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी पक्की हुई। हमने साल के दौरान आंध्र प्रदेश में अनंतपुर सबस्टेशन को भी चालू किया, जिससे अनंतपुर आरईजेड से आरई पावर की

निकासी आसान हो गई।

साल के दौरान शुरू की गई कुछ खास 765 किलोवोल्ट डीसी और 400 किलोवोल्ट डीसी ट्रांसमिशन लाइनों में अहमदाबाद–नवसारी, भड़ला-II-सीकर-II, भड़ला-III-सीकर-II लकड़िया–अहमदाबाद, रामगढ़ II भड़ला–III, खेतड़ी–नरेला, अनंतपुर–कुरनूल III वगैरह शामिल हैं। ये उपलब्धियां इसलिए भी खास हैं क्योंकि परियोजना को मार्गाधिकार (राइट–ऑफ–वे) की दिक्कतों और सप्लाई चेन में आई रुकावटों से पैदा होने वाली लगातार चुनौतियों के बीच पूरा किया गया।

इसके अलावा, साल के दौरान, 10 टीबीसीबी एसपीवी चालू किए गए। मुझे यह बताते हुए खास तौर पर खुशी हो रही है कि कठिन भूभाग के चलते कार्यान्वयन में आने वाली मुश्किलों के बावजूद, पावरग्रिड ईआर एनईआर ट्रांसमिशन लिमिटेड तय समय से लगभग चार महीने पहले चालू हो गया।

'जो मापा जाता है, उसे मैनेज किया जाता है' इसी सिद्धांत से आपकी कंपनी के डिजिटल बदलाव की कोशिशों और इसके कामकाज में डिजिटल टूल्स के बढ़ते इस्तेमाल को मार्गदर्शन मिला है। आपकी कंपनी ने परियोजना की प्रगति को वास्तविक समय दृष्टिगोचर करने (रियल–टाइम विज़िबिलिटी) और परियोजना संचालन को बेहतर बनाने के लिए पीजी निर्माण समेत कई इन–हाउस डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया।

साइट के सीधे (लाइव) सर्विलांस वाले परियोजना निगरानी केंद्रों के सहयोग से की गई इन पहलों से काम करने की दक्षता बढ़ी, निगरानी बेहतर हुई और समय पर हस्तक्षेप करके परियोजना को और अधिक तीव्र तथा कारगर ढंग से कार्यान्वित किया जा सका।

ट्रांसमिशन उपस्कर (एक्विपमेंट) की बढ़ती मांग और आपूर्ति श्रृंखला के बदलते स्वरूप (डायनामिक्स) के बीच, आपकी कंपनी ने इससे जुड़े जोखिम को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर खरीद (बल्क प्रोक्योरमेंट) जैसे अग्रसक्रिय कदम उठाना जारी रखा।

आपूर्ति श्रृंखला की समुत्थानशीलता को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, हाल ही में आपकी कंपनी ने अपनी बल्क प्रोक्योरमेंट पहल के तहत 1,000 वें ट्रांसफ़ॉर्मर/रिएक्टर यूनिट का एक बड़ा लक्ष्य हासिल किया है।

आपकी कंपनी के बनाए कौशल विकास केंद्रों ने राष्ट्र–निर्माण और क्षमता–निर्माण की दोहरी भूमिका निभाई। कई राज्यों में हमारे केंद्रों पर कई बैच को प्रशिक्षण दिया गया दी, जिन्हें ट्रांसमिशन इरेक्शन एजेंसियों ने काम पर रखा। इससे कौशल प्राप्त संसाधनों की कमी की वजह से पैदा हुए अंतराल को कम किया गया।

मज़बूत परियोजना निष्पादन की मदद से, आपकी कंपनी ने उपचयाधार (एक्रुअल बेसिस) पर ₹ 39,967 करोड़ का पूंजीगत व्यय दर्ज किया। यह पावरग्रिड के इतिहास में अब तक का सबसे ज़्यादा सालाना पूंजीगत व्यय है।

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान, आपकी कंपनी ने समेकित आधार पर ₹ 28,206 करोड़ की आस्तियों के पूंजीकरण के साथ अपने आस्ति आधार में काफी बढ़ोतरी की।

आपकी कंपनी ने जो तरक्की की है, वह कंपनी से जुड़े सभी हितधारकों की मिली–जुली कोशिशों और सहयोग का प्रमाण है। केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग के साथ–साथ हमारे विक्रेताओं (वेंडर्स), संविदाकारों और आपूर्तिकर्ताओं की प्रतिबद्ध ताओं से परियोजना को मज़बूती से पूरा करने में मदद मिली। कंपनी प्रभावित ज़मीन मालिकों को सही मुआवज़ा दिलाने के लिए केंद्र, राज्यों और दूसरे हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है, साथ ही परियोजना की ज़रूरतों और स्थानीय समुदायों और उनके हितों के प्रति संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाए हुए है।

प्रचालन संबंधी कार्यनिष्पादन

वित्त वर्ष के अंत में, आपकी कंपनी के कुल पारेषण नेटवर्क में, जिसमें पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां भी शामिल हैं, 1,584 पारेषण लाइनें निहित थीं, जिसमे कुल 1,84,960 सर्किट किलोमीटर और 291 उपकेन्द्र विद्यमान हैं, जिनकी कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता 6,24,016 मेगा वॉल्ट एम्पियर थी। इससे यह दुनिया की सबसे बड़ी पावर ट्रांसमिशन यूटिलिटीज़ में से एक बन गई है।

आपकी कंपनी का पारेषण नेटवर्क बर्फ से ढके पहाड़ों, धधकते रेगिस्तानों और बड़ी नदियों के साथ कुछ सबसे मुश्किल जगहों से होकर गुज़रता है। हर चुनौती, चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों न हो, उसका सामना लगातार जोश, उत्साह और नए समाधानों के साथ किया गया है।

प्रचालन के मोर्चे पर, आपकी कंपनी ने पारेषण प्रणाली की उपलब्धता 99.84% बनाए रखते हुए और हर लाइन पर ट्रिपिंग को 0.26 तक सीमित करते हुए प्रचालन की समुत्थानशीलता में मज़बूती जारी रखी है। यह लक्ष्य हिमालय में शून्य से कम तापमान से लेकर रेगिस्तान में 50°C से ज़्यादा तापमान पर काम करने के बावजूद हासिल किया गया है।

प्रचालन संबंधी विश्वसनीयता और संपत्ति के प्रबंधन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को ''ऑपरेशंस और मेंटेनेंस'' पर हुए एक बेंचमार्किंग अध्ययन में पहचान मिली। आपकी कंपनी को दुनिया की बड़ी यूटिलिटीज़ के साथ, मशहूर फर्स्ट क्वाड्रंट में जगह मिली।



पावरग्रिड अपने परिसर में ही (इन–हाउस) तैयार किए गए एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहा है, जिसमें पावरग्रिड डिजिटल एप्लिकेशन फॉर रूटीन पेट्रोलिंग एंड असेसमेंट ऑफ नेटवर्क (पीजी–दर्पण), और पावरग्रिड एसेट मैनेजमेंट थ्रू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन ट्रांसमिशन (पीजी–अमृत) वगैरह शामिल हैं, जिनसे आस्तियों के आसान और कुशल प्रचालन और रखरखाव में मदद मिली है। इन पहलों का मकसद पूरे संगठन में बुद्धि सम्मत प्रौद्योगिकी अपनाने को बढ़ावा देना है।

वित्तीय निष्पादन

वित्तीय निष्पादन के मोर्चे पर, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान ₹47,684 करोड़ की कुल आय दर्ज की, जबकि समेकित आधार पर कर पश्चात लाभ बढ़कर ₹15,928 करोड़ हो गया। इस साल कई बड़े वित्तीय लक्ष्य भी हासिल हुए, जिसमें सकल नियत आस्तियां ₹3 लाख करोड़ से ज़्यादा हुई और निवल मूल्य पहली बार समेकित आधार पर ₹1 लाख करोड़ से ज़्यादा हो गया।

संग्रहण दक्षता बिलिंग की 101.20 प्रतिशत रही, जबकि 45 दिनों से ज़्यादा का बकाया ₹2,052 करोड़ से घटकर ₹1,174 करोड़ रह गया। ऐसा हमारे ग्राहकों, खासकर स्टेट यूटिलिटीज़ के सहयोग के कारण हुआ है।

शेयरधारकों को सही मान देने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, आपकी कंपनी ने साल के दौरान हर शेयर पर कुल ₹9 का लाभांश घोषित किया, जिससे इन्हे ₹8,371 करोड़ का भुगतान हुआ। इसमें पहले से दिया गया ₹7,208 करोड़ का अंतरिम लाभांश शामिल है। अंतिम लाभांश शेयरधारकों की मंजूरी के बाद दिया जाएगा। लाभांश भुगतान अनुपात 53% रहा, जो शेयरधारकों को लगातार लाभ (रिटर्न) सुनिश्चित करते हुए भविष्य की वृद्धि की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एक संतुलित उपाय है।

प्रतियोगिता

साल के दौरान, आपकी कंपनी टीबीसीबी रूट के तहत 9 पारेषण परियोजनाओं में सफल रही। इसमें 8 अंतर–राज्यीय और 1 अंतः राज्यीय परियोजना शामिल हैं। 6 राज्यों में फैली इन परियोजनाओं में 12 पारेषण लाइनें, 3 उपकेन्द्र और 24,000 मेगा वॉल्ट एम्पियर ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता शामिल है। इन परियोजनाओं को 2030 तक धीरे–धीरे पूरा करने की योजना है।

इस साल की खास कामयाबियों में से एक थी, टीबीसीबी रूट से पहला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) प्रोजेक्ट जीतना, जो आंध्र प्रदेश के कालीकिरी में स्थित 150 मेगावाट/300 मेगावाट आवर क्षमता का केंद्र है।

मैं हाल की एक उपलब्धि के बारे में भी बताना चाहूंगा, आपकी कंपनी भारत की पहली सिंक्रोनस कंडेंसर परियोजना हासिल करने में सफल रही, जिसके लिए टीबीसीबी रूट से बोली लगाई गई थी।

पारेषण से परे

अपने प्रमुख पारेषण व्यवसाय के अलावा, आपकी कंपनी अपने व्यवसाय के दूसरे घटकों में भी लगातार तरक्की करती रही। दूरसंचार बिज़नेस, जिसे पूरी तरह से इसकी अपनी सहायक कंपनी पावरग्रिड टेलीसर्विसेस लिमिटेड चलाती है, में राजस्व बढ़कर ₹1,195 करोड़ हो गया। टेलीकॉम बैकबोन नेटवर्क ने भी उच्च स्तर का भरोसा दिखाना जारी रखा, और इसमें पूरे साल 100% उपलब्धता बनी रही।

विशेष उपलब्धियों में, इसका पहला 400G इंटरफ़ेस लिंक और पहला इंटरनेशनल लॉन्ग डिस्टेंस (ILD) लिंक शामिल हैं। पिछले साल जम्मू और कश्मीर में बाढ़ के दौरान ज़रूरी कनेक्टिविटी देने और तेज़ी से एक्स्ट्रा बैंडविड्थ देने में पावरटेल द्वारा की गई कोशिशों की दूरसंचार विभाग ने तारीफ़ की।

परामर्शी कारोबार में अच्छी क्रियाशीलता जारी रही, वित्त वर्ष 2025–26 में केवल इसी बिजनेस का राजस्व ₹891 करोड़ रहा।

इसके अलावा, 11 घरेलू कंसल्टेंसी परियोजनाएं पूरी हो गई हैं, और 62 परियोजनाएं अभी चल रही हैं, जो रेलवे के विद्युतीकरण, रिन्यूएबल एनर्जी बे इम्प्लीमेंटेशन और इंजीनियरिंग कंसल्टेंसी सर्विसेज़ जैसे अलग–अलग क्षेत्र हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार

आपकी कंपनी ने मोज़ाम्बिक में प्रवेश के साथ 25 देशों तक अपनी पहुंच बढ़ाकर अपनी **अंतरराष्ट्रीय** मौजूदगी भी मज़बूत की है।

अफ्रीका 50 के साथ सरकारी निजी भागीदारी करार पर हस्ताक्षर करना पावरग्रिड की **अंतरराष्ट्रीय** आकांक्षाओं में एक और उपलब्धि थी, जो एक डेवलपर के तौर पर अफ्रीका में इसकी पहली पारेषण परियोजना थी।



नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग

प्रिय शेयरधारको, नवाचार और प्रौद्योगिकी पावरग्रिड की क्षमताओं को मजबूत करने और विद्युत क्षेत्र की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इसके द्वारा की गई कोशिशों का मुख्य हिस्सा बने हुए हैं। अनुसंधान और विकास, स्वदेशी प्रौद्योगिकी और अकादमिक सहयोग में लगातार निवेश के ज़रिए कंपनी ने कई प्रौद्योगिकी पहलों को आगे बढ़ाया है।

आपकी कंपनी को आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर बनाया गया एक पेटेंट मिला है, जिसका नाम है 'ऑटोनोमस रोबोटिक उपकरणों का इस्तेमाल करके इलेक्ट्रिक ग्रिड अवसंरचना में पैरामीटर तय करने की प्रणाली और तरीका'।

आपकी कंपनी ने भारत में पहली बार 400 किलोवोल्ट लेवल पर इंसुलेटेड क्रॉस आर्म्स विकसित और चालू किए, जिससे ज़्यादा कॉम्पैक्ट टावर डिज़ाइन बन सके, जिसमें मार्गाधिकार (राइट–ऑफ़–वे) की ज़रूरत कम हो और पर्यावरण और समाज पर असर भी कम हो।

तंत्र की मज़बूती और प्रचालनात्मक तैयारी को मज़बूत करने पर ध्यान देने के क्रम में, आपकी कंपनी ने 132 किलोवोल्ट, 220 किलोवोल्ट और 400 किलोवोल्ट लेवल पर मोबाइल गैस–इंसुलेटेड स्विचगियर (m-GIS) को स्वदेशी रूप से विकसित करने में सक्रिय रूप से योगदान दिया है। 132 किलोवोल्ट और 220 किलोवोल्ट वेरिएंट पहले ही तैयार हो चुके हैं और इस्तेमाल के लिए तैयार हैं, जबकि 400 किलोवोल्ट वेरिएंट पर काम चल रहा है।

कंपनी ने एचवीडीसी और फैक्ट्स के अधिष्ठापन में निरीक्षण की सुरक्षा और दक्षता को बेहतर बनाने के लिए एचवीडीसी वाल्व हॉल निरीक्षण रोबोट बनाया है। इस पहल से आस्तियों के निरीक्षण की पद्धतियों को आधुनिक बनाने की पावरग्रिड की चल रही कोशिशों को सहयोग मिलेगा।

आपकी कंपनी की तकनीकी काबिलियत वैश्विक विद्युत इंजीनियरिंग समुदाय के साथ उसके जुड़ाव में भी दिखती है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आने वाले CIGRE पेरिस सेशन 2026 में पावरग्रिड की अहम मौजूदगी होगी, जो वैश्विक मंच पर अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव दिखाएगी।

आपकी कंपनी ने विद्युत मंत्रालय के तत्त्वावधान में हुए पहले भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 (बीईएस 2026) के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर काम किया, जिससे विद्युत क्षेत्र में हितधारकों के बीच और अधिक सहयोग को बढ़ावा मिला।

ईएसजी (पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक जवाबदेही और उत्तम कार्य–संचालन) में प्रदर्शन

प्रिय शेयरधारको, एक पारेषण यूटिलिटी के तौर पर, आपकी कंपनी वृद्धि और विकास को पर्यावरणीय प्रबंधन, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन के साथ संतुलित रखने के लिए कटिबद्ध है।

पर्यावरण



पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रकृति, पेड़–पौधों और जानवरों का सम्मान कंपनी की सोच का मुख्य हिस्सा है। आपकी कंपनी जंगलों, जंगली जानवरों के रहने की जगहों और पारिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील दूसरे इलाकों पर पड़ने वाले असर को कम से कम करना चाहती है।

आपकी कंपनी ने महीने के हिसाब से अपनी बिजली की खपत का 50% नवीकरणीय स्रोत से लेने का लक्ष्य हासिल किया है। यह लक्ष्य छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली के अधिष्ठापन, ग्रीन टैरिफ के तहत बिजली की खरीद और नागदा में कंपनी के पहले सोलर पावर प्लांट से सौर ऊर्जा पैदा करने के संयुक्त प्रयासों से हासिल हुआ। हम अब वर्ष 2030 के वॉटर–पॉजिटिव लक्ष्य की तरफ अपनी प्रगति के रास्ते में आधे से ज़्यादा आगे बढ़ चुके हैं और जमीन पर शून्य अपशिष्ट (ज़ीरो–वेस्ट–टू–लैंडफिल) की पहल के तहत अपने लक्ष्य का लगभग 90% भी हासिल कर लिया है।

वर्ष 2047 तक नेट ज़ीरो की ओर अपने सफ़र के हिस्से के तौर पर, आपकी कंपनी ने अपनी उत्सर्जन की प्रवणता में साल–दर–साल लगभग बीस प्रतिशत की कमी हासिल की है। यह बेहतर निगरानी, रखरखाव और स्राव (लीकेज) प्रबंधन के तरीकों से SF_6 उत्सर्जन को कम करने में लगातार तरक्की कर रही है, साथ ही SF_6–मुक्त–प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए प्रायोगिक पहल को भी आगे बढ़ा रही है।

संधारणीयता में प्रौद्योगिकी की बढ़त दिखाते हुए, आपकी कंपनी ने अपने भिवाड़ी उपकेन्द्र में एशिया का पहला सिंथेटिक एस्टर ऑयल से भरा ट्रांसफ़ॉर्मर चालू किया। यह पारंपरिक मिनरल ऑयल की तुलना में आग से ज़्यादा सुरक्षा देता है, इसकी बहुत अच्छी जैवनिम्नीकरणीयता (बायोडिग्रेडेबिलिटी) होने के कारण पर्यावरण में गंदगी का खतरा कम रहता है।

सामाजिक



पावरग्रिड में, राष्ट्र–निर्माण की सोच न सिर्फ़ हमारी बनाई अवसंरचना में दिखती है, बल्कि देश भर के समुदायों में सबके समावेशी विकास को बढ़ावा देने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की हमारी लगातार कोशिशों में भी दिखती है।

वित्त 2025–26 के लिए, ₹ 350.81 करोड़ की सीएसआर ज़िम्मेदारी के मुकाबले, आपकी कंपनी ने कुल ₹ 391.16 करोड़ खर्च किए। इसका एक बड़ा हिस्सा लगभग 60% स्वास्थ्य और पोषण तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम से जुड़ी पहलों में इस्तेमाल किया गया।

आपकी कंपनी ने नई जगहों पर विश्राम सदन बनाने की अपनी खास पहल को आगे बढ़ाना जारी रखा। साल के दौरान, एम्स गोरखपुर में विश्राम सदन की नींव रखी गई।

मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि पावरग्रिड विद्यालक्ष्मी स्कॉलरशिप स्कीम आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवा छात्रों के जीवन में एक अच्छा बदलाव ला रही है। वर्ष 2022 में इसके शुभारंभ के बाद से, इस स्कीम ने 432 लड़कियों समेत 940 योग्य छात्रों को बड़ी संस्थाओं में तकनीकी शिक्षा लेने में मदद की है। यह पहल स्टेम कोर्स (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमेटिक्स) में महिलाओं की ज़्यादा हिस्सेदारी को भी बढ़ावा दे रही है।

इस पहल के असर को बड़ी पहचान मिली है, और पावरग्रिड को आईआईटी मद्रास टेक्नोलॉजी समिट 2026 में पार्टनरशिप अवॉर्ड 2026 दिया गया है।

प्रिय शेयरधारको, आपकी कंपनी नियमित कर्मचारियों, संविदागत कर्मचारियों और आस–पास के समुदायों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा दृढ़तापूर्व यह मानना है कि कोई भी उपलब्धि किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा से बड़ी नहीं है।

कार्य–संचालन



आपकी कंपनी जिस तरह से अपना व्यापार करती है, उसके लिए अच्छा कार्य–संचालन (गवर्नेंस) बहुत ज़रूरी है। हम पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक व्यवहार के लिए अपनी वचनबद्धता पर अडिग हैं। पावरग्रिड ज़िम्मेदार कार्यों द्वारा और सही फ़ैसले लेकर हितधारकों का भरोसा मज़बूत करता रहता है। सुदृढ़ नीतियों, पर्यवेक्षी तंत्रों और अनुपालनकारी प्रणालियों से पूरे संगठन में ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिलता हैं।

कंपनी अधिकारियों द्वारा जारी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों पर लागू कॉर्पोरेट गवर्नेंस गाइडलाइंस का पालन कर रही है।

कॉर्पोरेट पुनर्गठन

प्रचालनात्मक दक्षता बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी ने अपनी कुछ टीबीसीबी सहायक कंपनियों का समेकन किया। इसके तहत, 17 एसपीवी का 2 एंकर एसपीवी में विलय कर दिया गया। बाकी 28 एसपीवी का समेकन चल रहा है।

प्रतिभा को बढ़ावा देना – ए आई लर्निंग और प्रगतिशील व्यक्तियों हेतु अन्य परिपाटियाँ

पावरग्रिड में, हमारा मानना है कि संधारणीय कार्य–निष्पादन एक समावेशी, नैतिक और व्यक्ति केंद्रित कार्यस्थल पर ही संभव है। निष्पक्षता, समान अवसर और हर व्यक्ति के सम्मान के आधार पर, हम निरंतर एक ऐसी संस्कृति बनाने पर बल देते रहे हैं जहाँ कर्मचारी खुद को अहमियत दें, सशक्त महसूस करें और अपना सबसे अच्छा योगदान देने के लिए प्रेरित हों।

जैसे–जैसे हम अपने लोगों में निवेश करते हैं, वैसे– वैसे एक ऐसा अनुकूल चक्र बन जाता है जिसमें कर्मचारियों की वृद्धि और कुशल–क्षेम संगठन की उत्कृष्टता को और मज़बूत करते हैं।



इस साल, AI जागरूकता, डिजिटल सक्षमता और नेतृत्व विकास को ढांचागत अधिगम (लर्निंग) के ज़रिए आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। एक जाने–माने शैक्षणिक संस्थान के साथ एक अनुकूल स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम के ज़रिए, पावरग्रिड अपनी परियोजनाओं और प्रचालनों में नवाचार को तेज़ करने और नए मौके पाने के लिए AI और ML टैलेंट का एक मज़बूत पूल बना रहा है। कार्य–क्षेत्र के विशेषज्ञों को नई उभरती योग्यताओं के साथ मिलाकर, आपकी कंपनी एनर्जी ट्रांज़िशन के अगले चरण में नेतृत्व करने के लिए एक भावी सुसज्जित कार्यबल तैयार करने की नींव रख रही है।

प्रिय शेयरधारको, अपनी भर्ती प्रक्रिया को डिजिटाइज़ करने के लिए, आपकी कंपनी ने **प्रवेश** का शुभारंभ किया है, जो एक एकीकृत, मॉड्यूलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म है जिसका मकसद पारदर्शिता बढ़ाना और अभ्यर्थियों के अनुभव को बेहतर बनाना है।

वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान, पावरग्रिड ने 1,280 नए कर्मचारियों का स्वागत किया। कंपनी ने एक विविधतापूर्ण और समावेशी संगठन बनाने के अपने वादे के मुताबिक, इस साल कुल हायरिंग में 15% से ज़्यादा महिलाओं को शामिल किया, जिससे कंपनी में महिलाओं का प्रतिनिधित्व और बढ़ा।

मानव संसाधन के मामले में, आपकी कंपनी ने अपने कर्मचारियों के मानसिक कुशल–क्षेम को बढ़ावा देने के लिए एक कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, **प्रबल** यानी ''बेहतर और स्थायी कल्याण के लिए पावरग्रिड समुत्थानशीलता और सहायता'' डिज़ाइन किया है।

हाल ही में **पीजी –संवाद** पोर्टल भी शुरू किया गया है, जिससे कर्मचारियों और सीनियर लीडरशिप के बीच सीधा जुड़ाव हो सकेगा।

पावरग्रिड को मानव संसाधन प्रबंधन के लिए भारत की माननीया राष्ट्रपति ने प्रतिष्ठित 'स्कोप एमिनेंस अवॉर्ड' दिया। आपकी कंपनी को नीदरलैंड्स के टॉप एम्प्लॉयर्स इंस्टीट्यूट के दुनिया भर में मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के तहत वर्ष 2025 और 2026 के लिए 'टॉप एम्प्लॉयर' के तौर पर भी प्रमाणित किया गया है। ये पुरस्कार अपने कर्मचारियों की देखभाल करने की कंपनी की वचनबद्धता की पुष्टि करते हैं।

आगे की रणनीति

प्रिय शेयरधारको, पारेषण क्षेत्र में इतने बड़े मौके को देखते हुए, मुझे आपकी कंपनी की शीघ्र और दीर्घावधिक वृद्धि की उम्मीदों पर पूरा भरोसा है।

कई ज़रूरी परियोजनाओं पर काम चल रहा है, वित्त वर्ष 2026–27 के लिए लगभग ₹ 37,000 करोड़ का पूंजीगत व्यय और लगभग ₹ 30,000 करोड़ की पूंजीकरण की योजना तय हैं।

हाल ही में, हमने ईआर–डब्ल्यूआर इंटर–कनेक्शन परियोजना और आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में ग्रीन हाइड्रोजन पोटेंशियल एरिया को इंटरकनेक्ट करने की परियोजना जैसी कुछ बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजनाएं हासिल की हैं।

आपकी कंपनी के सामने अनेक अवसर हैं, जिन्हें हमारे मज़बूत निष्पादन के चलते निकट भविष्य मे कार्यान्वित किया जाना है। ये अवसर लगभग ₹ 1.7 लाख करोड़ की ऑर्डर बुक में देखे जा सकते हैं, जिसमें लगभग ₹ 50,000 करोड़ का फिलहाल चल रहा पूंजीगत कार्य शामिल है, और अभी ₹ 1.2 लाख करोड़ से ज़्यादा की बोली प्रक्रिया होनी है।

साथ ही, हम अंतःराज्यीय पारेषण घटक में बड़े अवसर देख रहे हैं, जिससे आने वाले दशक में भारत के पारेषण तंत्र में बढ़ते निवेश में मदद मिलने की उम्मीद है। अपने अनुभव और विशेषज्ञता के आधार पर हम अब महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों में अंतःराज्यीय पारेषण परियोजनाएं शुरू कर रहे हैं।

यहाँ यह बताना समीचीन होगा कि ऊर्जा ट्रांज़िशन के लिए भारत की लगातार कोशिश और विकसित भारत तथा नेट ज़ीरो अर्थव्यवस्था की आकांक्षाओं, बिजली की बढ़ती मांग और ग्रिड अवसंरचना का लगातार सुदृढीकरण इन सभी कारकों से पूरे देश में ट्रांसमिशन बढ़ाने की ज़रूरतों को बड़े पैमाने पर बल मिल रहा है।

900 गीगा वाट आरई इंटीग्रेशन प्लान, ब्रह्मपुत्र घाटी से हाइड्रो प्रोजेक्ट्स के लिए इवैक्युएशन योजना और तेज़ी से बढ़ती डेटा सेंटर की मांग के कारण नए लोड सेंटर्स के उभरने से ट्रांसमिशन के नए अवसर मिल रहे हैं, जो कुल मिलाकर अगले दशक तक ₹ 15 लाख करोड़ से ज़्यादा के अवसर देंगे।

इसके अलावा, भारत के सीमापर इंटरकनेक्शन और **'एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड'** की वैश्विक आकांक्षाओं के चलते अलग–अलग भौगोलिक क्षेत्रों मे वृद्धि और विकास के अवसरों को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। इन गहन विकास योजनाओं से ऐसी और अधिक नवीन प्रौद्योगिकियों के आगमन की संभावना है जिनसे न केवल भौतिक और वित्तीय विकास को बल मिलेगा बल्कि यह क्षेत्र भविष्यवादी रूप से अत्याधुनिक हो जाएगा।

अपनी प्रमाणित निष्पादन योग्यताओं, समर्पित और कटिबद्ध कार्यबल, प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञता और इस क्षेत्र में अग्रणी स्थान के साथ, आपकी कंपनी इन पूंजी प्रधान, बहुवार्षिक अवसरों को हासिल करने के लिए सबसे उपयुक्त स्थिति में है।

जहां तक दूरसंचार की बात है, दूरसंचार (टेलीकम्युनिकेशन) वर्टिकल को डिजिटल कनेक्टिविटी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग से फायदा होने वाला है। डेटा सेंटर बिजनेस में पावरटेल का कदम इसके बिजनेस पोर्टफोलियो को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पहली डेटा सेंटर फैसिलिटी का वाणिज्यिक प्रचालन वित्त वर्ष 2026–27 के दौरान शुरू होने की उम्मीद है, साथ ही चेन्नई में ज़ोन–2 डेटा सेंटर पर भी जल्द



ही काम शुरू करने की योजना है।

आपकी कंपनी का कंसल्टेंसी बिज़नेस भी वृद्धि और विकास का एक आवश्यक अवसर है। घरेलू मोर्चे पर, आपकी कंपनी नियमित तौर पर राज्य यूटिलिटीज़ के साथ सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करने और उनके साथ मौकों का फ़ायदा उठाने के लिए जुड़ रही है। इसके अलावा, देश में अवसंरचना का विकास बढ़ने के साथ, डायवर्जन से जुड़ी परामर्श (कंसल्टेंसी) सेवाओं के ज़्यादा मात्रा में बढ़ने की भी उम्मीद है।

केन्या में अपनी पहल से मिले अनुभव का फ़ायदा उठाते हुए, आपकी कंपनी अफ्रीका के दूसरे देशों में भी ऐसे ही मौके तलाश रही है, साथ ही दूसरी जगहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कंपनी की कोशिशों को भी मज़बूती मिल रही है।

आपकी कंपनी पूर्वोत्तर क्षेत्र, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और अंडमान–निकोबार द्वीप समूह जैसे मुश्किल और दूर–दराज के इलाकों में भारत सरकार की विद्युत क्षेत्र की योजनाओं को लागू करने में और साथ ही सीमापर इंटरकनेक्शनों में भी एक मुख्य भूमिका निभा रही है।

मेरा मानना है कि सभी हितधारकों के सहयोग से सभी काम पूरे किए जा सकते हैं, चुनौतियों को पार किया जा सकता है और अवसरों को भुनाया जा सकता है।

हम, पावरग्रिड में, न सिर्फ़ ट्रांसमिशन तंत्र बनाने के लिए, बल्कि एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का भी पक्का इरादा रखते हैं जो सभी के लिए टिकाऊ और फायदेमंद हो। हम पावरग्रिड को एक खुशहाल और मुस्कुराता हुआ कार्यस्थल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जहाँ पेशेवर और निजी जीवन दोनों में नैतिकता सर्वोपरि हो। एक ओर जहाँ हम पेशेवर कार्यक्षेत्र में परियोजनाओं को निष्पादित करने और बेहतरीन प्रचालनों को सुनिश्चित करने में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हम अपने कर्मचारियों के लिए स्व–विकास और टीम निर्माण क्रियाकलापों में हिस्सा लेने के अवसर भी सृजित करते रहते हैं।

हमारा मानना है कि सबको साथ लेकर चलना, निष्पक्षता, बराबरी और नैतिकता–वे खूबियां हैं जो किसी भी संगठन में जीत का रास्ता बनाती हैं और हम इसी के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

निदेशक मंडल की ओर से, मैं हमारे सभी हितधारकों, जिनमें स्टेट पावर यूटिलिटीज़, अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक, विक्रेता, निवेशक, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बैंक्स, वित्तीय संस्थान और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां शामिल हैं, को उनके सहयोग के लिए दिल से धन्यवाद देता हूं।

मैं विद्युत मंत्रालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, वित्त मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, आर्थिक कार्य विभाग, राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति आयोग), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग,



विभिन्न राज्य सरकारों, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) कार्यालय, और हमारे वैधानिक लेखा परीक्षकों को उनके अमूल्य सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं पिछले साल अपना कार्यकाल पूरा करने वाले सभी बोर्ड सदस्यों, मेरे पूर्व अधिकारीगण डॉ. आर.के. त्यागी, श्री जी. रविशंकर, जिन्होंने निदेशक (वित्त) के तौर पर काम किया, और स्वतंत्र निदेशकों का आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं बोर्ड में अपने साथियों के योगदान और सहयोग के लिए दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ।

अंत में, मैं पावरग्रिड परिवार के बहुत बड़े योगदान के लिए आप सभी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा। चाहे पूर्वोत्तर क्षेत्र के पहाड़ हों, राजस्थान के रेगिस्तान हों, गुजरात के नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र हों, अंडमान और निकोबार के द्वीप हों, या देश भर में अनगिनत जगहें जहां हमारे कर्मचारी और सहयोगी भारत में बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिना थके काम करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण हमारे भविष्य के लिए भरोसा जगाते हैं।

हमारे शेयरधारको, आपके लगातार सहयोग के लिए मैं दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। कंपनी में आपका भरोसा हमें देश के लिए कार्य निष्पादन, उत्तरदायित्व और सेवा के ऊँचे मानक स्थापित करने के प्रयास के लिए प्रेरित करता है। हम आप सभी को चिरस्थायी मान और महत्व देने के लिए वचनबद्ध हैं। जैसे–जैसे देश में एक ओर नई पीढ़ी की उभरती क्षमता सामने आ रही है और दूसरी ओर मांग के नए केंद्र बन रहे हैं, वैसे–वैसे हमारी ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। यह एक ऐसी ज़िम्मेदारी है जिसे हमें विनम्रता, उद्देश्य और आत्मविश्वास के साथ उठाना होगा।

आपके भरोसे और लगातार सहयोग के लिए धन्यवाद।

भवदीय,

वम्सी राम मोहन

(वम्सी राम मोहन बुर्रा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

